नकली शराब कारोबार का खुलासा, एक गिरफ्तार

सिलीगुड़ी, 7 जुलाई (Udaipur Kiran) . प्रधान नगर थाने की Police ने देवीडांगा के मिलन मोड़ संलग्न एक घर के अंदर नकली शराब के काले कारोबार का खुलासा किया है. Police ने घर से दो हजार बोतल नकली शराब सहित कई सामग्री बरामद की है. वहीं, कारोबार चलाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपित का नाम दिलीप मंडल है. वह हाकिमपाड़ा का निवासी है.

Police सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना मिल रही थी कि शहर के बीचो बीच देवीडांगा के मिलन मोड़ इलाके में नकली शराब तैयार की जा रही है. इसी सूचना पर प्रधान नगर की Police ने Saturday देर रात मिलनमोड़ संलग्न एक किराये के घर पर अभियान चलाया.

घर की तलाशी लेने पर नकली शराब के काले कारोबार खुलासा हुआ. Police ने घर से दो हजार बोतल नकली शराब, 80 लीटर कच्चा स्प्रिट, नामी दामी कंपनी का लोगो और बोत बरामद किये.

जिसके बाद Police ने नकली शराब कारोबार चलाने के आरोप में दिलीप मंडल को गिरफ्तार कर लिया. प्रधान नगर थाना आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

Source: https://udaipurkiran.in/fake-liquor-business-exposed-one-arrested/